जनपद मुरादाबाद में ग्राम पंचायतों में नालियों के टर्निमिनेशन प्वाइंटो पर वर्टिकल एवं हारर्जिटल फिल्टर चैम्बरो, डब्लू एसपी का निर्माण कराया गया है जिससे पानी शोधित होकर तालाब, पोखरों एवं बडे नालो में जा रहा है। शासकीय भवनों पर हैण्डपम्पो पर आवश्यकतानुसार सोकपिट का निर्माण कराया गया है जिससे रास्तों पर पानी एकत्रित न हो। ग्राम पंचायतों/ग्रामों के तालाबों पर फिल्टर चैम्बर का निर्माण कराया गया है जिससे तालाबों में साफ पानी जाये जिससे तालाबों में पानी सोकने की क्षमता पहले के अनुसार बढ़ गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायतों में नाली पर सिल्ट केचर का निर्माण कराया गया है जिससे नालियों में बहने वाली सिल्ट एक ही स्थान पर एकत्रित हो जाती है तथा सफाई कर्मचारी द्वारा नियमित रूप से सिल्ट केचर पर एकत्रित गन्दगी की सफाई कर दी जाती है तथा नालियों में साफ पानी बहता है। ग्राम पंचायतो इन निर्मित परिसम्पत्तियों को रख–रखाव एवं संचालन कर रही है। ग्राम पंचायतो में तैनात सफाई कर्मियो के द्वारा नियमित रुप से गे वाटर मैनेजमेंट सिस्टम की साफ–सफाई करायी जा रही है।